Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 07-08-2006

Participants : Singh Shri Ganesh Prasad

>

Title: Need to give special package for setting up industries in Jahanabad district of Bihar.

श्री गणेश प्रसाद सिंह (जहानाबाद) : बिहार राज्य में जहानाबाद और अरवल दो बुरी तरह से उग्रवाद प्रभावित जिले हैं जो कि मेरे संसदीय क्षेत्र में हैं। इन दोनों जिलों का निर्माण ही उग्रवाद से प्रभावित होने के कारण और उसका पूरी तरह मुकाबला करने के लिए हुआ था। दोनों जिलों में कोई उद्योग-धंधे नहीं हैं, बेरोजगारी का आलम है। ऐसी स्थिति में बेरोजगार नौजवान, बड़ी आसानी से उग्र वादियों द्वारा गुमराह होकर, उग्रवाद की शरण में चले जाते हैं। विगत दो वाा से मॉनसून की अच्छी बारिश नहीं होने से दोनों जिलों का एकमात्र धंधा कृि भी बुरी तरह चौपट हुआ है। इससे ऊपर दोनों जिलों में उग्रवादी घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। अन्तर्राट्रीय स्तर पर चर्चित " जहानाबाद जेल ब्रेक " इसका एक उदाहरण है। बेरोजगार नौजवानों को उग्रवादियों से गुमराह होने से बचाने के लिए दोनों जिलों में युद्ध स्तर पर उद्योग-धंधे लगाए जाने की जरूरत है। इसके लिए दोनों जिलों को उद्योगविहीन जिला घोाित कर विशो पैकेज के तहत ऐसा किया जाए।

मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूँ कि दोनों जिलों को उग्रवादी घटनाओं से बचाने के लिए उद्योगि वहीन जिले घोाित करते हुए उद्योग-धंधे लगाने के लिए विशो पैकेज दिया जाए।